ए सी जी एल • टी एस आई • वेबको • जोस्ट • मोडाइन • कॉन्टीनेन्टल

क्रमांक:10 संख्या:6

दिसम्बर 2008 (December 2008) रु.20

# मोटरइण्डिया

भारत की श्रेष्ठ हिन्दी ऑटो मासिक पत्रिका



# एच एम मिनी ट्रक शिफेंग विनर

# एच एम द्वारा विकसित विनर मिनी ट्रक



**सी के बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी एवं भारत में ऑटोमोबाइल आन्दोलन की नींव रखने वाली हिन्दुस्तान मोटर्स लि. (एच एम एल) ने विगत 2 दिसम्बर को 2.3 टन जी वी डब्लू मिनी ट्रक एच एम शिफेंग विनर लॉन्च किया ।**

कोलकाता स्थित नेताजी इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आधुनिक मिनी ट्रक का अपनी कैबिनेट सहयोगियो के सम्मुख लोकार्पण किया । इस दौरान श्री सी.के. बिड़ला सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे ।

एच एम - शिफेंग विनर एक स्टाइलिश, स्विफ्ट और विश्वसनीय 1 टन पेलोड युक्त मिनी ट्रक है । विनर के आंतरिक भाग की बनावट अपनी श्रेणी की ट्रकों में नायाब है, जिसमें ध्वनि प्रदूषण, कंपन बेचैनी न के बराबर होती है और यह कार जैसा आराम देती है। इसे आराम और पर्यावरण मानक के अनुरूप डिज़ाइनीकृत किया गया है । यह ट्रक ए आर ए आई के समस्त सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्मित है । यह वाहन हिन्दुस्तान मोटर्स के उत्तरपाड़ा संयंत्र में बनकर तैयार हुआ है ।

अगले 6 माह में विनर को सम्पूर्ण भारत में लॉन्च किया जायेगा ।

अगले कुछ माह में इस वाहन का सी एन जी वर्जन भी प्रस्तुत किया जायेगा । शीघ्र ही यह बी एस III मानक को पूरा करेगा ।

एच एम अनेक खूबियों के साथ 2.3 टन जीवीडब्लू मिनी ट्रक रू. 3,90,000 के आकर्षक मूल्य (एक्स शोरूम कोलकाता) में उपलब्ध करा रही है ।

इस अवसर पर हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रवि शांतानम ने कहा कि एच एम विनर उभरते हुए मिनी ट्रक श्रेणी की मांगों की पूर्ति करेगी और हमें आशा है कि यह ग्राहकों की चहेती ट्रक बनेगी ।

विनर को चीन स्थित ऑटोमोटिव एवं कृषि उपकरण कंपनी शैनडॉग शिफेंग के साथ मिलकर विकसित किया गया है । हमें विश्वास है कि विनर वास्तव में एक विजेता ट्रक बनकर उभरेगी । •